हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, बुधवार, 2 जुलाई 2025

11 पानी की बर्बादी करने पर विभाग ने अशोक नगर में काटे 16 कनेक्शन



12 खाद के साथ अन्य सामान देने वाले विक्रेताओं पर होगी कार्रवाई...




## खबर संक्षेप

### 9.33 ग्राम हेरोइन सहित तस्कर काबू

**फतेहाबाद।** अपराध मुक्त अभियान के तहत जिलेभर में पुलिस द्वारा नशा तस्करों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में सीआईए स्टाफ टोहाना ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए नई अनाज मंडी, टोहाना में नाकाबंदी कर 9.33 ग्राम हेरोइन सहित एक तस्कर को काबू किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान सुनील उर्फ टींडा पुत्र सतबीर सिंह निवासी भूना रोड, टोहाना के रूप में हुई है।

### राष्ट्रीय लोक अदालत 12 जुलाई को

**सिरसा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा आगामी 12 जुलाई को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इस लोक अदालत में स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम में केसों के निपटारे के लिए आवेदन किया जा सकता है। जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी प्रवेश सिंगला ने बताया कि इस लोक अदालत में कोई भी इच्छुक व्यक्ति स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से अपने केसों के निपटारे के लिए आवेदन कर सकते हैं।

### जेएनवी में 6वीं में दाखिले के आवेदन आमंत्रित

**फतेहाबाद।** पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय खारा खेड़ी में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के दौरान कक्षा 6वीं में दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए हैं। ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 29 जुलाई निर्धारित की गई है। ऑनलाइन आवेदन बिना फीस के नवोदय विद्यालय समिति की वेबसाइट पर दिए गए लिंक पर जाकर भर सकते हैं। विद्यालय की अध्यक्ष एवं उपायुक्त मनदीप कौर ने बताया कि अभ्यर्थी का जन्म एक मई, 2014 से पहले तथा 31 जुलाई, 2016 के बाद का नहीं होना चाहिए।

### संगीन मामलों में वांछित अपराधी गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** थाना शहर फतेहाबाद पुलिस ने सुरेश उर्फ फौजी पुत्र नत्थू राम निवासी बन मनसौरी को एनडीपीएस एक्ट के एक मामले में गिरफ्तार किया है। यह व्यक्ति एक आदतन अपराधी है, जिसके खिलाफ राजस्थान और हरियाणा के विभिन्न थानों में कुल 12 संगीन आपराधिक मामले दर्ज हैं। इसके अलावा हत्या के 2 मामले, अमानत में खयानत के 3 मामले, अवैध हथियार तस्करी के 2 मामले, आबकारी अधिनियम के 2 मामले तथा एनडीपीएस एक्ट के 3 मामले दर्ज है।

### जुर्माना न भरने पर बाइक को किया जब्त

**फतेहाबाद।** फतेहाबाद पुलिस द्वारा सड़क सुरक्षा नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में यातायात पुलिस रतिया ने एक मोटरसाइकिल को मोटर वाहन अधिनियम की धारा 167(8) के तहत जब्त किया है। यह जानकारी देते हुए यातायात प्रभारी उपनिरीक्षक जयसिंह ने बताया कि यातायात पुलिस ने रतिया में एक मोटरसाइकिल बिना वैध दस्तावेज, ट्रिपल राइडिंग और काफी समय से लंबित चालानों के कारण संदिग्ध पाई गई थी। ट्रैफिक पुलिस टीम द्वारा मौके पर वाहन को रोका गया और कार्रवाई की गई।

### चोरों ने दो मोबाइल पर किया हाथ साफ

**डिंग मंडी।** थाना डिंग क्षेत्र के गांव कोटली में मजदूरी करने वाले आकाश कुमार के घर से चोर रात में दो मोबाइल फोन और ईयर बड्स ले गए। चोरों ने आंगन में खड़ी एक्टिवा स्कूटी को भी चोरी करने का प्रयास किया, लेकिन स्टार्ट न होने के कारण वहीं छोड़ गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद स्कूलों में लौटी रौनक

- 30 दिन बाद स्कूलों में पहले दिन 30-70 प्रतिशत रही हाजिरी

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरसा



ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद एक बार फिर से मंगलवार को सरकारी और निजी स्कूलों के दरवाजे खुल गए, जिसके साथ ही स्कूलों में बच्चों की चहल-पहल और रौनक लौट आई। गर्मी की छुट्टियों के बाद 1 जुलाई से स्कूलों का नया सत्र शुरू हुआ। जिला के सरकारी स्कूलों में पहले दिन 30 से 40 प्रतिशत हाजिरी दर्ज की गई, जबकि निजी स्कूलों में यह आंकड़ा 70 प्रतिशत तक पहुंचा। शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार सभी स्कूलों ने समय पर कक्षाएं शुरू कीं, लेकिन पहले दिन औपचारिक पढ़ाई की जगह बच्चों ने सहपाठियों के साथ गर्मी की छुट्टियों के अनुभव सांझा किए। बच्चों ने एक-दूसरे से छुट्टियों में की गई गतिविधियों, घूमने-फिरने और परिवार के साथ बिताए पलों की चर्चा की। शहर के चत्तरगढ़ पट्टी स्थित राजकीय मॉडल संस्कृति प्राइमरी स्कूल के मुख्य अध्यापक बंसी लाल झोरड़ ने बताया पहले दिन बच्चे उत्साहित थे, लेकिन हाजिरी अपेक्षा से कम रही। धीरे-धीरे सभी बच्चे नियमित रूप से आने लगेंगे। वहीं निजी स्कूलों में बेहतर उपस्थिति के साथ शिक्षकों ने बच्चों का स्वागत किया और नए सत्र की तैयारियों पर चर्चा की। शिक्षा विभाग ने स्कूलों को निर्देश दिए हैं कि बच्चों की स्वास्थ्य जांच की जाए और टाइम टेबल, किताबों व यूनिफॉर्म की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। मौसम अनुकूल रहने पर स्कूलों में नियमित पढ़ाई जल्द शुरू होने की उम्मीद है। सिरसा में पहले दिन का माहौल उत्साहपूर्ण रहा और बच्चे नए सत्र को लेकर उत्साहित दिखे।

### कई विद्यालयों में त्रैमासिक परीक्षाएं इसी सप्ताह से

वहीं कई निजी विद्यालयों में इसी सप्ताह त्रैमासिक परीक्षा शुरू होगी, जिसको लेकर अध्यापकों ने परीक्षा संबंधी चर्चा बच्चों के साथ की। वहीं सरकारी स्कूलों में भी जुलाई के अंतिम सप्ताह में सैट परीक्षाएं होगी। इन परीक्षाओं को लेकर विद्यार्थियों की तैयारी कराई जाएगी। सैट परीक्षा 28 जुलाई से शुरू होकर 2 अगस्त तक चलेगी। यह परीक्षा पहली से लेकर बारहवीं कक्षा तक के विद्यार्थी देंगे।

## अनेक विभागों में 52 कर्मचारी इधर से उधर

- डीसी के आदेश पर सीटीएम ने जारी किए आर्डर

**फतेहाबाद।** जिले में प्रशासनिक गतिविधियों को सुचारू और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से उपमंडल अधिकारी एवं सीटीएम गौरव गुप्ता ने एक बड़ा प्रशासनिक फेरबदल किया है। फतेहाबाद की उपायुक्त के आदेशानुसार कुल 52 कर्मचारियों के तबादले किए गए हैं। इस सूची में ई-दिशा केंद्रों, सरल केंद्रों, तहसील कार्यालयों और विभिन्न उपमंडल अधिकारियों के कार्यालयों में तैनात डेटा एंट्री ऑपरेटर, एमटीएस और जेपी शामिल हैं। ट्रांसफर किए गए कर्मचारियों में जोगिन्द्र सिंह को अटल सेवा केंद्र फतेहाबाद से सरल केंद्र रतिया, गिरिराज कुमार को सरल केंद्र रतिया से अटल सेवा केंद्र फतेहाबाद, रचना को रोजगार केंद्र फतेहाबाद से ई-दिशा केंद्र फतेहाबाद, अनुरानी को ई-दिशा केंद्र फतेहाबाद से तहसील कार्यालय टोहाना व प्रदीप कुमार को अस्थाई वाहन चालक लाइसेंस से ई-दिशा केंद्र फतेहाबाद में नियुक्त किया है। इसी तरह ज्योति किरण को ई-दिशा केंद्र फतेहाबाद से रोजगार कार्यालय, अजय कुमार को शिवाजी पार्क पूछताछ केंद्र से ई-दिशा केंद्र फतेहाबाद, प्रदीप कुमार को कोर्ट कार्यालय फतेहाबाद से एसडीएम आफिस, सुशील को एसडीएम आफिस से ई-दिशा केंद्र भूना, कुलदीप सिंह को ई-दिशा केंद्र भूना से ई-दिशा केंद्र कुलां, अनुराग स्वामी को ई-दिशा केंद्र कुलां से ई-दिशा केंद्र फतेहाबाद व सुरेन्द्र को ई-दिशा केंद्र फतेहाबाद से नोडल सहायक उपमंडल कार्यालय लगाया गया है।

### चिंता: घग्घर में लगातार बढ़ रहा जलस्तर

## गुहलाचीका में 23,912 तो चांदपुरा में 1300 क्यूसिक पानी डिस्चार्ज

### दो दिनों में चांदपुरा में 300 क्यूसिक बढ़ गया पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

हिमाचल की शिवालिक की पहाडि़यों में हो रही लगातार बारिश के कारण फतेहाबाद के जाखल क्षेत्र से गुजरने वाली घग्घर नदी का जलस्तर लगातार बढऩा शुरू हो गया है। सिंचाई विभाग की मंगलवार की रिपोर्ट के अनुसार गुहला चीका हेड पर 23,912 क्यूसेक पानी का बहाव दर्ज किया गया है।

वहीं चांदपुरा साइफन हेड पर जलस्तर सोमवार शाम के 900 क्यूसेक से बढ़कर मंगलवार सुबह 1,300 क्यूसेक तक पहुंच गया है। इससे नदी किनारे बसे लोगों में चिंता बढऩे लगी है। जानकारी के अनुसार, घग्गर नदी की कुल जल क्षमता 22,000 क्यूसेक है, लेकिन मौसम विभाग द्वारा आगामी दिनों में भारी वर्षा की चेतावनी दी गई है। इसको देखते हुए स्थानीय किसान और स्थानीय निवासी चिंतित हैं। जुलाई 2023 में आई बाढ़ से हुए नुकसान की यादें अभी भी क्षेत्रवासियों के जेहन में ताजा हैं।



**फतेहाबाद।** घग्घर में बहता पानी। (फाईल फोटो)।

### बाढ़ नियंत्रण के लिए प्रशासन ने की तैयारियां शुरू

सिंचाई विभाग ने घग्घर में घग्घर में अतिरिक्त पानी आने की स्थिति में इसे रंगोई नाला में डायवर्ट करने की योजना बनाई जा रही है। इस समय रंगोई नाला की क्षमता 6,000 क्यूसेक है। बता दें कि बीते वर्ष रंगोई नाला टूट गया था, जिससे पानी फतेहाबाद के गांवों की ओर आ गया। दरअसल फतेहाबाद के जाखल खंड के शक्करपुरा गांव के पास हुई, जहां नाले में 100 फुट की दरार आ गई। नाले की क्षमता 8500 क्यूसेक है, लेकिन 48 घंटों में इसमें 13000 क्यूसेक से अधिक पानी आ गया था। जिसके कारण नाले में यह दरार आई थी। इससे फतेहाबाद और रतिया क्षेत्र के गांवों में पानी भर गया था। ऐसा नहीं है कि यह पहली बार हुआ हो इससे पहले भी कई बार इसके टूटने की घटनाएं हो चुकी हैं, जिससे आसपास के गांवों में बाढ़ आ जाती है।

### *प्रशासन ने बचाव के लिए पुख्ता इंतजाम किए*

*टोहाना के एसडीओ संजीव सिंगला ने बताया कि प्रशासन संभावित बाढ़ से निपटने के लिए पूरी तरह सक्रिय है और सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। स्थानीय निवासियों को सतर्क रहने और आपातकालीन स्थिति में प्रशासन के निर्देशों का पालन करने की सलाह दी गई है।*

## नहर में बह रही गाय को बचाया

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

फतेहाबाद पुलिस न केवल अपराध और अपराधियों पर अंकुश लगाने का कार्य कर रही है, बल्कि आमजन की सेवा में भी अग्रणी भूमिका निभा रही है। पुलिसकर्मी अपने कर्तव्यों से आगे बढक़र मानवीय कार्यों में भी तत्परता दिखा रहे हैं। इसी क्रम में म्योंद चौकी की राइडर टीम मंगलवार सुबह गश्त पर थी। इस दौरान उन्होंने देखा कि एक गाय नहर में गिरकर तेज बहाव में बह रही है। स्थिति की गंभीरता को समझते हुए पुलिस कर्मचारियों एसपीओ निरंजन सिंह और गुरदीप सिंह ने बिना समय गंवाए तुरंत राहत कार्य शुरू किया। उन्होंने अपनी जान की परवाह न करते हुए रस्सी का प्रबंध किया और एसपीओ निरंजन सिंह ने साहस दिखाते हुए रस्सी की सहायता से नहर में उतरकर बहती हुई गाय को पकड़ लिया। इस मानवीय कार्य को देखकर आसपास के राहगीर भी सहायता के लिए आगे आए और टीमवर्क के माध्यम से गाय को सुरक्षित बाहर निकाला गया। पुलिस कर्मचारियों का यह कार्य न सिर्फ कर्तव्यपरायणता का प्रतीक है बल्कि जन सेवा और पशु कल्याण के प्रति उनकी संवेदनशीलता को भी दर्शाता है।



**टोहाना।** गाय को नहर से निकालते पुलिस कर्मचारी। *फोटो: हरिभूमि*

## चिटफंड के घोटालेबाजों का केस न लड़ने की वकीलों से की अपील

- पीड़ित पक्ष ने शहर में किया प्रदर्शन, सौपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭टोहाना

करोड़ों रुपए के चिटफंड मामले में गिरफ्तार पिता-पुत्र सहित चार आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद पीड़ित पक्ष के लोगों ने शहर में प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रदर्शन के बाद बार एसोसिएशन प्रधान सुरेश गिल के नाम ज्ञापन भी दिया गया। ज्ञापन में साहिल, संजय बजाज, जतिन, रोहित, मन्नू व अनिल ने कहा कि वह सभी पुनिया चिटफड मामले के पीड़ित वकीलों से निवेदन करते हैं कि कुछ समय पहले पुनिया परिवार ने शहर के लोगों का करोड़ों रुपया मंथली लाटरी स्कीमों के द्वारा धोखाधड़ी से हड़पने का असामाजिक कार्य किया गया है। पुनिया चिटफंड मामले में कर्मवीर, नीटू उर्फ जयदीप पुनिया व परिवार के बाकि सदस्यों के खिलाफ शहर थाना में दर्ज हुआ था, जिसमें कृष्ण, सुरेंद्र, कर्मबीर व नीटू उर्फ जयदीप पुनिया की गिरफतारी हो चुकी है।



**टोहाना।** बार एसोसिएशन प्रधान को ज्ञापन सौंपते पीड़ित। *फोटो: हरिभूमि*



**फतेहाबाद।** बुस्टिंग स्टेशन पर विरोध जताते लोग। *फोटो: हरिभूमि*

## तुलसीदास चौक के पास बने बूस्टिंग स्टेशन से खतरा

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

- दिवारों का गिरा प्लास्टर, कई जगहों से हो रहा पानी का रिसाव

शहर के धर्मशाला रोड, तुलसीदास चौक को बरसाती पानी से मुक्ति दिलवाने के लिए इस क्षेत्र में राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय परिसर में जन स्वास्थ्य विभाग द्वारा पानी की निकासी हेतु बनाए गए बूस्टिंग स्टेशन को लेकर एक नया विवाद खड़ा हो गया है। राजकीय कन्या महाविद्यालय के साथ ही बाल्मीकि चौक के मकान की पिछली दीवारें लगती है। इस बूस्टिंग स्टेशन के साथ लगते मकानों में बुरी तरह सैलाब व बदबू फैली हुई है। एक करतार नाम के व्यक्ति का मकान तो बैठने के बाद दोबारा बनाया गया है। पूर्व पार्षद शम्मी रति ने बताया की सभी मकानों में सैलाब है घर के अंदर की तरफ से दीवार को हाथ लगाने पर ही ही पानी आ जाता है। उन्होंने कहा बूस्टिंग स्टेशन बनाने के बाद इसके रखरखाव की और विशेष ध्यान नहीं दिया जा रहा जिससे इस बूस्टिंग स्टेशन के निर्माण के समय 7 वर्ष पहले प्लास्टर की गई दीवारों का प्लास्टर गिर चुका है, और धीरे-धीरे पानी रिसाव कर आसपास के क्षेत्र के मकानों को भारी नुकसान कर रहा है। 1 जुलाई को बूस्टिंग स्टेशन के पास मौजूद एक महिला एक सीनियर सिटीजन सहित कई लोगों ने मांग की कि इस बूस्टिंग स्टेशन को यहां से हटकर किसी दूसरे स्थान पर लगाया जाए। लोगों ने यह भी बताया कि वह फतेहाबाद के पूर्व भाजपा विधायक, पूर्व सांसद सहित अधिकारियों को भी इस बारे में कई बार शिकायत कर चुके हैं। वाल्मीकि चौक निवासी सीनियर सिटीजन करतार चंद ने बताया कि सीएम विंडो पर भी शिकायत की थी लेकिन समस्या का समाधान करने की बजाय उसके गिर गए मकान का मुआवजा देने की बजाय अधिकारियों ने राजीनामा पर हस्ताक्षर करवा लिए करतार चंद ने बताया कि उसका मकान बुरी तरह बैठ गया था उसे सारा मकान दोबारा बनाना पड़ा।

## भ्रष्टाचार को लेकर प्रशासन का फूंका पुतला

- पूर्व पार्षद सुशील सैनी ने निकाली प्रशासन की शव यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरसा

नगर परिषद में भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच की मांग को लेकर धरना दे रहे पूर्व पार्षद सुशील सैनी ने मंगलवार को जिला प्रशासन की शव यात्रा निकाली और नगरपरिषद के गेट पर पुतला फूंका। मंगलवार सुबह साढ़े 10 बजे शिवपुरी से प्रशासन की शव यात्रा शुरू की गई जो शहर के विभिन्न बाजारों से होते हुए नगर परिषद तक पहुंची। नगर परिषद के गेट पर प्रशासन का पुतला जलाया गया। सुशील सैनी ने यहां कहा कि नगर परिषद में पिछले काफी समय से बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार किया जा रहा है जिससे लोगों के खून पसीने की कमाई भ्रष्ट अधिकारियों की जेबों में जा रही है। उन्होंने कहा कि स्थानीय भाजपा नेता का इस पूरे भ्रष्टाचार में हाथ है। उन्होंने कहा कि शिवपुरी के निर्माण के लिए नगर परिषद ने 2 करोड़ 20 लाख रुपए की राशि जारी की। शहर के दानवीर लोगों ने भी करोड़ों रुपए का चंदा दिया लेकिन इसमें मिलीभगत करके गोलमाल किया गया। इसी प्रकार नगर परिषद में विभिन्न कामों की तीन तीन बार पेमेंट करके व्यापक स्तर पर भ्रष्टाचार किया गया। कागजों में ही गलियों और सडक़ों का निर्माण करवा दिया गया। जब इसकी जांच की मांग की गई तो थोथी जांच कमेटी बिठा दी गई।




**सिरसा।** प्रशासन की शव यात्रा निकालते हुए पूर्व पार्षछ व शहरवासी।

### घर में सेंध लगाकर लाखों की नकदी व आभूषण चुराए

**सिरसा।** जिला के नहराणा गांव में दिनदहाड़े चोरों ने एक घर से तीन लाख रुपए नकद और सोने-चांदी के गहने चोरी कर लिए। पुलिस को दी शिकायत गांव नहराणा के रवि ने बताया कि बीती 28 जून को दोपहर में वह अपनी मां के साथ गांव में किसी के घर गया था। उनका भाई रविंद्र सीएससी सेंटर पर था और पिता बैठक में सो रहे थे। दोपहर 2.30 बजे जब वह और उनकी मां घर लौटे तो दरवाजे का कुंडा टूटा मिला। चोर कमरे में रखी संदूक से तीन लाख रुपए नकद, सोने की टॉप्स, लॉकेट, चांदी का कड़ा, पाजेब और वीवो मोबाइल फोन ले गए।

### जुलाई को डेंगू रोधी महीने के रूप में मनाएं जिलावासी : डीसी

## एडीज मच्छर के काटने से फैलता डेंगू, रहें सावधान

- डेंगू के लक्षणों में अचानक तेज बुखार होना, सिरदर्द, मांसपेशियों तथा जोड़ों में दर्द आदि शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

स्वास्थ्य विभाग हरियाणा द्वारा जुलाई माह को डेंगू रोधी माह के रूप में मनाया जा रहा है, ताकि लोगों को इस वायरल बीमारी से बचाव के लिए जागरूक किया जा सके। उपायुक्त मनदीप कौर ने बताया कि डेंगू एडीज मच्छर के काटने से फैलता है जो दिन में काटता है और केवल साफ पानी में ही पनपता है। इसके प्रभावी नियंत्रण के लिए हर सप्ताह अपने घर और आसपास के स्थानों में सूखा दिवस मनाना जरूरी है। इसके साथ ही कूलर, टंकी, गमले, छतों पर रखे पुराने सामान आदि की सफाई करें ताकि मच्छरों को पनपने से रोका जा सके। उपायुक्त मनदीप कौर ने डेंगू के लक्षणों की जानकारी देते हुए बताया कि डेंगू के लक्षणों में अचानक तेज बुखार होना, सिरदर्द, मांसपेशियों तथा जोड़ों में दर्द, आंखों के पीछे दर्द जोकि आंखों को घुमाने से बढ़ता है, शामिल हैं। यदि इन लक्षणों में से कोई भी लक्षण दिखाई दे, तो तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर रक्त जांच करवाएं। नागरिक स्वयं इलाज न करें तथा चिकित्सक की सलाह से ही दवाई खाएं।



डीसी मनदीप कौर।

### डेंगू रोकने के लिए आम जनता से अपील

उपायुक्त मनदीप कौर ने डेंगू की रोकथाम के लिए आम जनता से अपील करते हुए कहा कि वे अपने घर व आस-पास पानी एकत्र न होने दें, छत पर बेकार प्लास्टिक का सामान, बर्तन, पुराने टायर, नारियल खोल आदि को जमा न होने दें, प्रत्येक रविवार को अपने घर में सूखा दिवस मनाएं, पूरी बाजू के वस्त्र पहनें, मच्छर रोधी दवा या क्रीम का उपयोग करें, कीटनाशक दवाई से उपचारित मच्छरदानी का उपयोग करें, छतों पर रखी पानी की टंकियों को ढक्कन लगाकर बंद रखे तथा बुखार आने पर डॉक्टर की सलाह अवश्य लें।

### नागरिक अस्पताल में नि:शुल्क होगी जांच

हरियाणा सरकार ने डेंगू की जांच के लिए सभी जिलों के नागरिक अस्पतालों में प्लेटलेट्स की सुविधा निशुल्क उपलब्ध करवाई है। राज्य की 27 सरकारी प्रयोगशालाओं में निशुल्क डेंगू जांच की सुविधा दी गई है। सभी निजी लैब को एसएस-1 व आईजीएम टेस्ट अधिकतम 600 रुपये में करने के निर्देश भी दिए गए हैं। इन सभी सुविधाओं का लाभ लेने के लिए जिले के मुख्य चिकित्सा अधिकारी या जिला मलेरिया अधिकारी से संपर्क कर सकते हैं।



# धनुष ने शेयर की खून से लथपथ हाथों की तस्वीर...

**मुंबई।** धनुष ने मंगलवार को इंस्टाग्राम पर अपनी आगामी फिल्म 'तेरे इश्क में' की एक खास तस्वीर शेयर की है। इस तस्वीर में दो हाथ खून से लथपथ नजर आ रहे हैं। इस तस्वीर के साथ धनुष ने फिल्म की शूटिंग को लेकर अहम जानकारी शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, और यह एक लपेट है। धनुष की इस पोस्ट के बाद यूजर्स लगातार कमेंट कर अपनी राय पेश कर रहे हैं।एक यूजर ने लिखा, 'थलाइवा का इंतजार है', एक और यूजर ने लिखा, 'पता नहीं क्यों, लेकिन इस तस्वीर ने मुझे भावुक कर दिया', एक और यूजर ने लिखा, 'इसका इंतजार कर रहा हूं', एक और यूजर ने लिखा, 'कब रिलीज होगी फिल्म'।

लाइफ Style

# वाणी

## हर वरदान में छिपा है एक श्राप

एजेंसी ▶▶ मुंबई

हाल ही में अजय देवगन के साथ 'रेड 2' में नजर आईं अभिनेत्री वाणी कपूर अब अपना डिजिटल डेब्यू करने जा रही हैं। वो यशराज के नए शो में नजर आने वाली हैं, जो नेटफ्लिक्स पर रिलीज होना है। नेटफ्लिक्स इंडिया ने अपनी नई सीरीज का पोस्टर जारी कर दिया है, इसमें वाणी कपूर प्रमुख भूमिका में नजर आने वाली हैं।

पोस्टर के साथ ही इसकी रिलीज डेट भी सामने आ गई है। नेटफ्लिक्स की ओर से अपनी नई सीरीज 'मंडाला मर्डर्स' का पोस्टर जारी किया गया है। पोस्टर में वाणी कपूर के साथ सुरवीन चावला, गुल्लक फेम एक्टर वैभव राज गुप्ता और अभिनेत्री श्रिया पिलगांवकर नजर आ रही हैं। पोस्टर में वाणी बंदूक ताने दिख रही हैं, जबकि सुरवीन चाहला हाथ जोड़े महिला नेता के किरदार में नजर आ रही हैं। जबकि वैभव राज गुप्ता बियर्ड लुक में आंखों पर ब्लैक चश्मा लगाए दिख रहे हैं। पोस्टर में श्रिया पिलगांवकर काफी सजी-धजी खड़ी हैं। पोस्टर को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा गया, 'हर वरदान में एक श्राप छिपा है। मोल चुकाने का वक्त जल्द आने वाला है।' इसके साथ ही इस सीरीज की रिलीज डेट की भी घोषणा कर दी गई है। नेटफ्लिक्स की ये नई सीरीज 25 जुलाई को रिलीज हो रही है। इसे यशराज फिल्म ने प्रजेंट किया है। वाणी कपूर हाल ही में अजय देवगन के साथ 'रेड 2' में नजर आई थीं। वो फिल्म में अजय देवगन के किरदार अमय पटनायक की पत्नी की भूमिका में नजर आई थीं। इसके अलावा सुरवीन चावला हाल ही में रिलीज हुए नेटफ्लिक्स के ही शो 'राणा नायडू' के दूसरे सीजन में दिखी थीं।



हॉलीवुड मसाला



# जुरासिक वर्ल्ड... 4 को होगी रिलीज

**लॉस एंजिल्स।** 'जुरासिक पार्क' फ्रैंचाइज की 7वीं और 'जुरासिक वर्ल्ड' सीरीज की चौथी फिल्म 'जुरासिक वर्ल्ड रीबर्थ' शुक्रवार, 4 जुलाई को रिलीज होने वाली है। स्कारलेट जोहानसन और जोनाथन बेली स्टारर इस फिल्म के फर्स्ट रिव्यूज आ गए हैं, और इनमें इसे खतरनाक और बेहतरीन बताया जा रहा है। फिल्म के एक्शन सीक्वेंस और वीएफएक्स की तारीफ हो रही है। प्रीमियर शोज देखने वालों का कहना है कि यह फिल्म स्टीवन स्पीलबर्ग के ग्रैंड अंदाज की याद दिलाता है।



# 'सुपरमैन' ने मुंबई में समंदर के बीच की लैंडिंग

**मुंबई।** सोमवार की रात बांद्रा-वर्ली सी लिंक पर सुपरमैन ने लैंडिंग की, जिसका नजारा देख हर कोई हैरान था। दूर से नीले रंगों से सजा ये सी लिंग सुपरमैन वाले अवतार से जगमगा रहा था। 11 जुलाई को वार्नर ब्रदर्स की फिल्म की रिलीज से पहले मुंबई में समंदर के बीच ये नजारा देख लोग काफी खुश दिखे हैं। अपनी फिल्मों के प्रमोशन के लिए मेकर्स क्या नहीं करते। वार्नर ब्रदर्स 11 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली जेम्स गन के डायरेक्शन में बनी 'सुपरमैन' ने सीधे मुंबई के बांद्रा-वर्ली सी लिंक पर लैंडिंग कर डाली है। अब ट्विटर पर लोग बांद्रा-वर्ली सी लिंक के वीडियो और तस्वीरें लगातार शेयर कर रहे हैं। इन झलकियों में निर्देशक जेम्स गन की आने वाली डीसी फिल्म 'सुपरमैन' की तस्वीरें नजर आ रही हैं। एक ने कहा- सुपरमैन ने मुंबई में बांद्रा-वर्ली सी लिंक पर कब्जा कर लिया है।



# शेयर की 'दिल थाम के' का बीटीएस वीडियो

**मुंबई।** राजकुमार राव की मालिक फिल्म का गाना 'दिल थाम के' दर्शकों का बेहद पसंद आया। इस गाने में हुमा कुरैशी ने धांसू डांस किया है। वहीं, मंगलवार को हुमा कुरैशी ने सोशल मीडिया पर इसका एक बीटीएस वीडियो शेयर कर फैंस को खुश कर दिया है। बॉलीवुड एक्ट्रेस हुमा कुरैशी ने आज राजकुमार राव की फिल्म मालिक का गाना 'दिल थाम के' का एक शानदार बीटीएस वीडियो शेयर कर फैंस को खुश कर दिया है। हुमा ने इस बीटीएस वीडियो के साथ कैप्शन में लिखा, 'बहुत खुशी के साथ शूट किया गया... और आप लोग गाने को जो प्यार दे रहे हैं, वह इसे और बेहतर बना रहा है। हुमा की इस पोस्ट पर फैंस जमकर कमेंट कर अपनी राय शेयर कर रहे हैं। एक फैन ने लिखा, शानदार प्रदर्शन कभी भी आसान नहीं होता।



# नए लुक के कारण आए चर्चा में...

**मुंबई।** गोविंदा का डांसिंग स्टाइल आज भी बॉलीवुड में पॉपुलर है। हाल ही में वह अपने एक नए लुक के कारण चर्चा में आए हैं। गोविंदा का सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें वह कार में बैठे हैं। एक व्यक्ति उन्हें कुछ समझा रहा है। इसी वीडियो को जब यूजर्स ने देखा तो उनका ध्यान गोविंदा के नए लुक पर गया। इस लुक को कुछ यूजर्स ने पसंद किया तो, कुछ को गोविंदा का लुक बिल्कुल भी नहीं भाया है। वायरल वीडियो में गोविंदा की मूंछों ने यूजर्स का ध्यान अपनी तरफ खींचा है। इस लुक को देखकर ही एक यूजर ने लिखा, ये तो शत्रुघ्न सिन्हा लग रहे हैं। एक अन्य यूजर को गोविंदा का मूंछों वाला लुक पसंद नहीं आया, वह लिखता है, ये पतली मूंछें गोविंदा पर अच्छी नहीं लग रही हैं। एक अन्य यूजर्स ने गोविंदा का लुक देखकर कमेंट किया।

टीवी मसाला




# फोर मोर शॉट्स प्लीज के फाइनल सीजन का ऐलान

**नई दिल्ली।** अगर आप भी प्राइम वीडियो की पॉपुलर सीरीज 'फोर मोर शॉट्स प्लीज' के प्रशंसक हैं, तो अब आपके लिए एक अच्छी खबर है। क्योंकि, आपके इस पसंदीदा शो का नया सीजन आने वाला है, जो कि सीरीज का फाइनल सीजन भी होगा। प्राइम वीडियो ने सीरीज के चौथे सीजन की घोषणा कर दी है। साथ ही इसका एक नया पोस्टर भी जारी किया है। जिसके साथ कैप्शन में लिखा गया है कि फाइनल सीजन के लिए शॉट्स मंगा लीजिए। इस सीरीज में आज की महिलाओं की जिंदगी के उतार-चढ़ाव को दिखाया गया है। सीजन 4 में शो की लीडिंग लेडीज दामिनी, अंजना, सिद्धी और उमंग ये जानने वाली हैं कि उन्हें किसी और का नंबर वन बनने की जरूरत नहीं, बल्कि वो खुद अपनी लाइफ की हीरो हैं। क्योंकि, खुशी कोई लग्जरी नहीं, बल्कि जीने का एक तरीका है। इस बार कुछ नए चेहरे भी नजर आएंगे और शो की फेमस गर्ल्स ट्रिप्स तो हैं ही। फाइनल सीजन की कास्ट की बात करें तो इसमें सयानी गुप्ता, कीर्ति कुल्हारी, बानी जे और मानवी गगरू जैसे मुख्य किरदारों के साथ लीजा रे, प्रतीक बब्बर, राजीव सिद्धार्थ, अंकुर राठी और मिलिंद सोमन सरीखे स्टार्स भी नजर आएंगे। अरुणिमा शर्मा और नेहा पार्टी माटियानी द्वारा निर्देशित इस सीजन को देविका भगत ने लिखा है। इसके डायलॉग्स ईशिता मोइत्रा के हैं। हालांकि, अभी चौथे सीजन की रिलीज डेट जारी नहीं की गई है।


## नहीं छोड़ रही हैं तारक मेहता का उल्टा चश्मा

**नई दिल्ली।** 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' जहां एक तरफ दर्शकों के चहेते शो होने की वजह से चर्चा में हमेशा रहता है, वहीं लंबे समय से इस सीरियल के कलाकारों के बिखरने को लेकर चर्चा में है। दिशा वकानी, झील मेहता, भाव्या गांधी, गुरुचरण सिंह सोढ़ी जैसे तमाम कलाकारों के 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' छोड़ने के बाद अगला नाम बबीता जी का आ रहा था। लोग कहने लगे थे कि अब बबीता जी के रोल में नजर आनेवालीं मुनमुन दत्ता ने भी इस शो को अलविदा कह दिया है। हालांकि, अब मुनमुन दत्ता ने इन खबरों पर खुद ही चुप्पी तोड़ते हुए वीडियो शेयर किया है। उन्होंने अब खुद ही इन खबरों पर सफाई दे दी है और कन्फर्म किया है वह 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' नहीं छोड़ रही हैं। उन्होंने वीडियो शेयर किया है, जिसमें वो इस शो के अगले एपिसोड की शूटिंग करती नजर आ रही हैं। इस वीडियो में अय्यर के घर की झलकियों के साथ ही मुनमुन के मेकअप रूम की भी झलक नजर आ रही हैं।



# रामायण की शूटिंग खत्म, इमोशनल राम ने लक्ष्मण को कसकर लगाया गले

*मुंबई। बॉलीवुड की मोस्ट अवेटेड फिल्मों में से एक नितेश तिवारी की 'रामायण' की शूटिंग पूरी हो चुकी है। निर्देशक ने सोमवार रात इस फिल्म की शूटिंग खत्म होने पर एक पार्टी रखी जहां भगवान राम बने रणबीर कपूर और लक्ष्मण की भूमिका निभा रहे रवि दुबे के अलावा कई कलाकार और क्रू के साथ निर्देशक नितेश तिवारी खुद मौजूद थे। इस फिल्म से अपने अंतिम सीन की शूटिंग के बाद भगवान राम बने रणबीर कपूर अपने लक्ष्मण यानी रवि दुबे से कसकर गले लगते दिखे। इसी पार्टी के बाद रणबीर अपनी फैमिली के साथ हॉलीडे पर रवाना हो चुके हैं। वहीं, बताया जा रहा है 3 जुलाई को 11 बजे 'रामायण' की पहली झलक पूरी दुनिया के सामने ऑफिशियली दिखाई जाएगी। अब इस इवेंट के कुछ विजुअल सोशल मीडिया पर नजर आए हैं। इन वीडियोज़ में जहां रणबीर 'रामायण' और भगवान राम को लेकर बातें करते दिख रहे हैं, वहीं 'लक्ष्मण' के साथ मिलकर केक काटते भी दिखे। इस मौके पर रणबीर के अलावा निर्देशक तिवारी ने भी कुछ इमोशनल बातें कहीं। इस फिल्म 'रामायण' के मेकर्स द्वारा इसकी झलक दिखाने की जोर-शोर से चर्चा है। हालांकि, सेट से कई तस्वीरें और वीडियो पहले सामने आ चुके हैं। लेकिन, फैन्स को अभी तक इस फिल्म से कोई ऑफिशियल पोस्ट या तस्वीरें नहीं मिली है और इसलिए इसे लेकर लोगों में काफी उत्साह है।*



# तलाक के चार साल बाद फिर प्यार में

**मुंबई।** साउथ एक्ट्रेस सामंथा रुथ प्रभु इन दिनों फिल्मों से ज्यादा अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर चर्चाओं में बनी हुई हैं। पिछले काफी वक्त से एक्ट्रेस का नाम 'द फैमिली मैन'फेम डायरेक्टर राज निदिमोरु के साथ जोड़ा जा रहा है। दोनों एक-दूसरे के प्यार में हैं और अक्सर दोनों की एकसाथ तस्वीरें भी सामने आती रहती हैं। जिसके बाद दोनों के रिलेशनशिप को लेकर और भी पुष्टि होती है। हालांकि, राज की एक शादी हो चुकी है। फिलहाल अब उनके फैंस को इंतजार है कि सामंथा कब अपने रिश्ते को ऑफिशियल करती हैं। नागा चैतन्य से तलाक के बाद अब सामंथा पूरी तरह से अपनी जिंदगी में आगे बढ़ चुकी हैं। राज निदिमोरु के साथ उनके रिलेशनशिप की खबरें अब अक्सर ही बी-टाउन का हॉट टॉपिक बनती रहती हैं। बीते दिनों सामंथा की तस्वीर भी काफी चर्चा में रही थी जिसमें वो राज के काफी करीब दिख रही थीं। इस तस्वीर के सामने आने के बाद खबरें ये भी आई थीं कि सामंथा राज के साथ लिवइन में रहने वाली हैं। लेकिन बाद में सामंथा की टीम ने इन खबरों को खारिज किया था। लेकिन, अक्सर सामंथा और राज एकसाथ नजर आते हैं। जिससे दोनों के अफेयर के अफेयर की चर्चाएं अब लगभग पक्की हो चुकी हैं। अब मीडिया रिपोर्ट्स में ये दावा किया जा रहा है कि इस साल के अंत तक सामंथा



अपने रिश्ते को ऑफिशियल कर सकते हैं। दोनों जल्द ही अपने इस रिश्ते को एक नाम भी दे सकते हैं। राज निदिमोरु की बात करें तो वो 'द फैमिली मैन' और 'गुलाब एंड गन्स' वाले राज और डीके की जोड़ी वाले राज हैं। राज निदिमोरू एक शादी कर चुके हैं। उन्होंने 2015 में श्यामली डे से शादी की थी।

## कहानी से लेकर बदली तकनीक, लेकिन थिएटर के लिए करती हैं संघर्ष

# बाल फिल्मों के मामले में बच्चा ही रह गया बॉलीवुड

*नई दिल्ली। हाल ही में बच्चों की एक फिल्म देखी, 'चिड़िया'। जीवन की विसंगतियों के बीच सच्ची, सरल और दिल को छूने वाली बालसुलभ कहानी एक लंबे अरसे के बाद देखने को मिली। दुनियाभर के कई प्रतिष्ठित फिल्म फेस्टिवल्स में सराही गई 'चिड़िया'ने भारत में भी समीक्षकों और दर्शकों के दिलों में जगह बनाई। मगर हमारे यहां बच्चों की फिल्में इतनी कम क्यों बनती हैं?*

### पुराने हालात

दुनिया में सबसे ज्यादा फिल्में भारत में बनती हैं। भारतीय सिनेमा 111 साल का बुजुर्ग हो चुका है, लेकिन बाल फिल्म बनाने के मामले में अब भी बच्चा ही है। समय के साथ सिनेमा में तकनीक, कहानियां, विषय - सब कुछ बदलता चला गया, लेकिन बाल फिल्मों के हालात नहीं बदले। वे पहले भी कम बनाई जाती थीं और आज भी कम बनाई जाती हैं।

### फिल्म ने छोड़ी गहरी छाप

कमाल की बात यह है कि गिनती की होने के बावजूद इन फिल्मों का असर बहुत गहरा है। तारे जमीन पर, सीक्रेट सुपर स्टार, स्टेनली का डब्बा, धनक, निल बटे सन्नाटा, जजंतरम ममंत्रम, चिल्लर पार्टी, छोटा चेतन, मिस्टर इंडिया जैसी फिल्मों ने बच्चों के साथ बड़ों को भी लुभाया है। पहले के दशकों में बूट पॉलिश, काबुलीवाला, ब्रह्मचारी, दो कलियां, मासूम जैसी फिल्मों ने बच्चों के मासूम मनोविज्ञान पर छाप छोड़ी।



### फिल्म में किया गया यादगार काम

बालीवुड में बच्चों की मौजूदगी अक्सर सबप्लॉट या गानों के बहाने होती है। पूरी फिल्म को बच्चों के नजरिए से कहना अब भी फिल्मकारों के लिए टेढ़ी खीर है। हिंदी फिल्म जगत में कुछ नाम जरूर रहे, जिन्होंने बाल मन को खंगाला। इनमें गुलजार ने परिचय और किताब जैसी फिल्मों में बच्चों की भावनाओं को सहजता से दर्शाया। विशाल भारद्वाज ने ब्लू अम्ब्रेला और मकड़ी में बच्चों की कल्पना और डर की दुनिया को छूने का साहस दिखाया। आमिर खान 'तारे जमीन पर'से डिस्लेक्सिया जैसे संवेदनशील विषय को केंद्र में लेकर आए। बंगाली सिनेमा की बात करें, तो सत्यजीत रे ने बाल फिल्मों की जो विरासत दी, वह आज भी मिसाल है।

**फिल्म में उदासीनता की वजह :** सवाल है कि दुनिया का सबसे बड़ा फिल्म उद्योग कहलाने वाला भारत बाल फिल्मों को लेकर इतना उदासीन क्यों है? वजह साफ है, हमारे देश में फिल्मकार बच्चों को सीरियस ऑडियंस नहीं मानते। उधर, अभिभावकों को लगता है कि बच्चों को अगर कुछ दिखाना है, तो घर पर ही टीवी पर दिखाया जा सकता है।

### हॉलीवुड से सीखें

*देश में बच्चों की फिल्मों का मार्केट है, तभी हैरी पॉटर या होम अलोन जैसी हॉलीवुड फिल्में यहां आकर रेकॉर्ड तोड़ कमाई करती हैं। हम बजट में उनका मुकाबला नहीं कर सकते, लेकिन 'स्टेनली का डिब्बा' सरीखी मासूम कहानी जरूर बना सकते हैं।*

### सितारों का साथ

*ध्यान देने वाली बात यह भी है कि जब बच्चों की फिल्मों को बड़े सितारों का साथ मिला, तो दर्शकों ने खुलकर सराहा। भूतनाथ में अमिताभ बच्चन और शाहरुख खान, तारे जमीन पर में आमिर खान, मकड़ी में शबाना आजमी, मिस्टर इंडिया में अनिल कपूर-श्रीदेवी - इन सभी उदाहरणों ने यह साबित किया है कि स्टार पावर से बच्चों की फिल्में भी मुख्यधारा में जगह बना सकती हैं।*

खबर संक्षेप



## 92 ग्राम गांजा सहित युवक को किया काबू

**फतेहाबाद।** शहर टोहाना पुलिस ने गश्त के दौरान 192 ग्राम गांजा सहित एक युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान सतीश कुमार पुत्र दरबारा सिंह निवासी गांव पिरथला के रूप में हुई है। थाना शहर टोहाना प्रभारी निरीक्षक प्रहलाद सिंह ने बताया कि उपनिरीक्षक ईश्वर सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम गश्त पर थी, तभी टीम को सूचना प्राप्त हुई कि सतीश गांजा तस्करी में संलिप्त है। यदि तुरंत रेड की जाए तो उसे नशीले पदार्थ सहित काबू किया जा सकता है। पुलिस टीम द्वारा गीता कॉलोनी, टोहाना में रेड की गई, जहां से सतीश कुमार को 192 ग्राम गांजा सहित काबू कर लिया गया।

## चोरीशुदा मोटरसाइकिल सहित युवक पकड़ा

**सिरसा।** पुलिस ने चैकिंग के दौरान नाका मुसाहिबवाला से चोरीशुदा मोटरसाइकिल सहित एक युवक को काबू किया है। सदर थाना प्रभारी सुखदेव सिंह ने बताया कि मुसाहिबवाला नाका पर पुलिस वाहनों की चैकिंग कर रही थी। इसी दौरान एक बिना नंबर की मोटरसाइकिल को रोका। चालक ने अपना नाम राकेश कुमार उर्फ मोहित पुत्र सतपाल निवासी झंडा खुर्द बताया, जो वाहन के कागजात प्रस्तुत नहीं कर सका। जांच के दौरान बाइक का इंजन व चैसिस नंबर मिलान करने पर वाहन चोरी का निकला। थाना सिविल लाइन में पहले से मुकदमा दर्ज है।

## मोटरों से केबल चोरी के दो आरोपी दबोचे

**सिरसा।** सदर थाना पुलिस ने डेरा सच्चा सौदा के नलकूपों से 905 फुट केबल चोरी करने के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। सदर थाना प्रभारी सुखदेव सिंह ने बताया कि डेरा सच्चा सौदा सिरसा में खेतीबाड़ी कार्य देख रहे सेवादार दयाल सिंह ने पुलिस को दी शिकायत बताया कि 10 जून की रात अज्ञात लोगों द्वारा डेरा परिसर में लगी तीन मोटरों से कुल 905 फुट बिजली के केबल तार चोरी कर लिए गए। मोटर नंबर 22 से 180 फुट, मोटर नंबर 34 से 235 फुट व मोटर नंबर 10 से 490 फुट तार गायब पाया गया। थाना सदर पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरु की।

## साढ़े दस किलो चूरापोस्त सहित दो युवक गिरफ्तार

**डबवाली।** सीआईए स्टाफ डबवाली ने दो आरोपियों को 10 किलो 570 ग्राम डोडा पोस्त सहित काबू करने में कामयाबी हासिल की है। आरोपियों की पहचान तरसेम व सुखपाल सिंह उर्फ ग्रेंडी निवासी पथराला जिला बठिंडा पंजाब के रूप में हुई है। प्रभारी सीआईए राजपाल ने बताया कि पुलिस गश्त के दौरान मलोट रोड पुल के नीचे से गोल बाजार की तरफ जा रहे थे तो दो व्यक्ति अपने हाथों में एक थैला प्लास्टिक पकड़े हुए स्टेशन की तरफ आते हुए दिखाई दिए। एएसआई ने शक की बिनाह पर दोनों को काबू करके उनकी तलाशी ली तो उसके कब्जे से डोडा पोस्त बरामद हुआ।

## राष्ट्रव्यापी हड़ताल में भाग लेने की अपील

**रानियां।** लोक पंचायत जिला सिरसा की बैठक नामधारी गुरद्वारा रानियां में का. स्वर्ण सिंह विर्क की अध्यक्षता में हुई। बैठक को सबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि 9 जुलाई को प्रस्तावित राष्ट्रव्यापी हड़ताल जो केंद्र सरकार की मजदूर किसान व कर्मचारी विरोधी नीतियों के कारण विभिन्न जन संगठनों द्वारा आयोजित की जा रही है उसे अपना समर्थन व्यक्त करते हुए सभी को बढ़चढ़ कर भाग लेने की अपील की। साथ ही उन्होंने कहा कि बुआई के समय डीएपी व यूरिया खाद का संकट बना हुआ है।

# प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत 9वां क्रॉप इंश्योरेंस सप्ताह शुरू

■ पीएम फसल बीमा योजना की किसानों को दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा



सिरसा। किसानों को फसल बीमा की जानकारी देते डीडीए डॉ. सुखदेव सिंह।

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उपनिदेशक डॉ. सुखदेव सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत किसानों को फसल बीमा के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से 9वां क्रॉप इंश्योरेंस वीक एक जुलाई से सात जुलाई तक मनाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस सप्ताह के आयोजन का मुख्य उद्देश्य किसानों को फसल बीमा योजना की जानकारी देना और उन्हें इस योजना के अंतर्गत अधिक से अधिक संख्या में पंजीकृत कराना है। इससे किसानों को प्राकृतिक आपदाओं, कीट प्रकोप या अन्य कारणों से फसल खराब होने की स्थिति में आर्थिक सहायता मिल सकेगी।

कृषि विभाग से विषय विशेषज्ञ राकेश कुंट व गुण नियंत्रण निरीक्षक अमित कुमार तथा एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कम्पनी से स्टेट कोऑर्डिनेटर विजयदीप व जिला कोऑर्डिनेटर विकास ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान स्टेट कोऑर्डिनेटर विजयदीप ने उपस्थित किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के लाभ, प्रक्रिया व आवश्यक दस्तावेजों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

उप निदेशक डॉ. सुखदेव सिंह ने बताया कि हरियाणा सरकार की अधिसूचना के अनुसार खरीफ 2025 सत्र के लिए जिला सिरसा में एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कम्पनी को अधिकृत किया गया है।

इस योजना में धान, कपास, बाजरा, मूंग और मक्का फसलें शामिल हैं। बीमा योजना के अंतर्गत पंजीकरण की अंतिम तिथि 31 जुलाई निर्धारित की गई है। केसीसी धारक के लिए यह योजना वैकल्पिक है। यदि कोई केसीसी धारक किसान फसल बदलना चाहता है, तो उसे अंतिम तिथि से कम से कम दो दिन पहले, अर्थात 29 जुलाई तक अपने बैंक में फसल परिवर्तन करवाना होगा। यदि कोई केसीसी धारक किसान फसल बीमा नहीं करवाना चाहता है, तो उसे 24 जुलाई तक बैंक को लिखित में सूचित करना होगा।

### पानी की बर्बादी करने वालों के खिलाफ कार्रवाई

# पानी की बर्बादी करने पर विभाग ने अशोक नगर में काटे 16 कनेक्शन

सभी शहरों में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग की टीम से घर घर करवाया जा रहा सर्वे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** अशोक नगर में पानी के कनैक्शन काटती विभाग की टीम।



जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग फतेहाबाद नें आमजन तक पीने का पानी पहुंचने की लिए व पीने की पानी की बर्बादी करने वालों के खिलाफ कार्यवाही करते हुए मंगलवार को फतेहाबाद शहर के अशोक नगर में जल सरंक्षण अभियान के तहत पीने के पानी पर लगाए गए सब्जी व हरा चारा के 16 कनेक्शन काटे हैं। विभाग के जिला सलाहाकार शर्मा चंद लाली ने बताया कि जल संरक्षण अभियान के दौरान जिले के सभी शहरों में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा टीम लगाकर घर घर सर्वे करवाया जा रहा है।

इस दौरान जिसने भी पीने के पानी पर सर्विस स्टेशन, हरा चारा सब्जी लगा रखी है, उनके कनेक्शन तुंरत प्रभाव से काटे जा रहें हैं। इसके साथ साथ विभाग उनकी सूची भी तैयार कर रहा है, जिनके बिल बकाया है उनको भी नोटिस दिया जाएगा। यदि फिर भी बिल का भुगतान नहीं करते हैं तो उनके भी कनेक्शन काटे जायेंगे, ताकि जिले के हर घर को पीने का पानी मिल सके इसमें सभी जिला वासी विभाग का सहयोग करें।

### पीने के पानी पर सब्जी लगाने वालों की हुई कार्रवाई

विभाग के एसडीओ सतपाल रोहज ने बताया कि जिन्होंने पीने के पानी पर हरा चारा सब्जी लगा रखी थी, उनके खिलाफ कार्यवाही करते हुए उनके कनेक्शन तुरंत प्रभाव से काटते हुए सब्जी और हरा चारा को भी उखड़वाया गया। यह अभियान जिले के सभी शहरों व सभी ग्राम पंचायतों में ग्राम पंचायतों में चलाया जाएगा ताकि सभी को स्वच्छ जल मुहैया करवाया जा सके। उन्होंने कहा कि पीने के पानी से संबंधित जो भी समस्याएं हैं, उन सभी समस्याओं को चिह्नित करके तुरंत प्रभाव से ठीक किया जाएगा ताकि ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में किसी भी घर को पीने के पानी की कोई दिक्कत न आए। उन्होंने बताया की ग्रामीण क्षेत्र में कुछ घरों ने पीने के पानी पर हरा चारा सब्जी, सर्विस स्टेशन लगा रखे है, जिस कारण शहर के कुछ घरों में पीने का पानी नही पहुंच रहा है, पूरे जिले में ऐसे सभी घरों को चिन्हित करके विभाग की तरफ से उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ साथ विभाग के कर्मचारी घर घर जाकर उन घरों को भी चिह्नित करेंगे जिन घरों में पीने के पानी के नलों पर बंद करने वाली टेप नहीं लगी हुई, ताकि उन सभी घरों में टेप लगवाई जा सके और जिन घरों में पीने का पानी नहीं पहुंचता उन घरों में पीने का पानी पहुंच सके। गांव में जितनी भी लीकेज है उनको भी इस अभियान के दौरान चिह्नित करके ठीक करवाया जाएगा।



सिरसा। डबवाली में सफाई कर्मियों के धरने पर समर्थन देने पहुंचे संगठन पदाधिकारी।

# सफाई कर्मियों के धरने को कई संगठनों का समर्थन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डबवाली

■ कचरा गाड़ी चालकों का एसडीएम ऑफिस के बाहर 22वें दिन भी धरना जारी रहा

डबवाली में ठेका प्रथा पर लगे सफाई कर्मचारियों व कचरा गाड़ी चालकों का एसडीएम ऑफिस के बाहर 22वें दिन भी धरना जारी रहा। मंगलवार को कर्मचारी महासंघ के राष्ट्रीय चेयरमैन एमएल सहगल धरनास्थल पर समर्थन देने के लिए पहुंचे। उन्होंने धरने पर बैठे सफाई मजदूरों को सही दिशा में पूरी ताकत के साथ आंदोलन करने का आह्वान किया। बीकेयू एकता उगराहां के नेता भूपेंद्र सिंह उर्फ भोला सिंह ने लगातार मजदूरों का समर्थन पहले की तरह आगे भी जारी रखने का संकल्प दोहराया। अखिल भारतीय किसान सभा हरियाणा के राज्य महासचिव डॉ. सुखदेव सिंह जम्मू ने बताया कि इस हठधर्मिता वाली भाजपा सरकार में सभी पीड़ित हैं।

इस हालात में सभी लोगों को मिलकर संघर्ष करना पड़ेगा। सफाई मजदूरों के समर्थन में उतरे कई संगठन जिसमें बीकेयू एकता उग्राहा और ऑल इंडिया ट्रेड यूनियन एटक से दारा सिंह, सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा, सीआईटीयू हरियाणा फायर स्टेशन सिरसा, रिटायर कर्मचारी यूनियन, अखिल भारतीय किसान सभा शामिल रहे। आंगनवाड़ी यूनियन जिला प्रधान वीरो देवी, सीटू ब्लॉक प्रधान सोहन लाल भारूखेड़ा ने धरने को संबोधित करते हुए डबवाली में हटाये गए कच्चे कर्मचारियों को दोबारा काम पर रखने की मांग की। उन्होंने बताया कि आगामी 9 जुलाई की राष्ट्रव्यापी हड़ताल में ये मामला जोर-शोर से उठाया जाएगा। इस मौके पर अमित कुमार पुहाल, रविंद्र कुमार पुहाल, गुरदीप कुमार मांडी, कृष्ण कुमार, अंकित, साहिल, राजू, सोमनाथ, सपना, सुनीता, दीपिका, आरती, मनप्रीत आदि कर्मचारी मौजूद थे।

## डॉक्टर्स डे पर बप्पां स्कूल में हुआ कार्यक्रम



**सिरसा।** डॉक्टर्स डे के उपलक्ष्य में मंगलवार को राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बप्पां में कार्यक्रम हुआ जिसमें वरिष्ठ प्रवक्ता नरेश कुमार ग्रोवर ने कहा कि डॉक्टर्स डे उन सभी चिकित्सकों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का दिन है, जो विषम परिस्थितियों में भी हमारे जीवन को बचाने का कार्य करते हैं। यह दिन हमें यह याद दिलाता है कि डॉक्टर केवल एक पेशेवर नहीं, बल्कि समाज के रक्षक होते हैं। आइए, हम सब मिलकर उन सभी चिकित्सकों का धन्यवाद करें, जिन्होंने सेवा, समर्पण और साहस के साथ मानवता की रक्षा की है। कार्यक्रम के दौरान चिकित्सा सेवाओं के महत्व, दवा दिवस, प्राथमिक उपचार और स्वास्थ्य जागरूकता जैसे विषयों पर विद्यार्थियों को जानकारी दी गई। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य शुभकरण शर्मा ने कहा कि उन्हें अपने जीवन में डॉक्टर के प्रति पूर्ण रूप से निष्ठा रखनी चाहिए। विद्यार्थियों ने भाषण और कविताओं के माध्यम से डॉक्टरों के योगदान को रेखांकित किया। इस अवसर पर प्रवीण कुमार, देशराज, प्रकाश सिंह, मनीष मेहता, भारत भूषण, विनीत बजाज, प्रिंस छाबड़ा, गौरव, अवतार सिंह, मुंशी राम, प्रकाश कुमार, सुखविंद्र सिंह, प्रदीप कुमार, भूपेंद्र सिंह, सुनीता कोहली, देशराज, दलजीत सिंह, सुनील खुराना, सरोज रानी एवं रचना मेहता आदि मौजूद थे।

# खुद को सीबीआई, पुलिस, ईडी या कस्टम अधिकारी बताकर फोन करने वालों से रहें सावधान : एसपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने नागरिकों से अपील करते हुए कहा है कि यदि कोई व्यक्ति खुद को सीबीआई, ईडी, पुलिस या कस्टम अधिकारी बताकर फोन या ऑनलाइन माध्यम से आपसे पैसों की मांग करता है तो सतर्क हो जाएं, क्योंकि यह साइबर ठगी हो सकती है। उन्होंने कहा कि कोई भी सरकारी अधिकारी कभी भी ऑनलाइन माध्यम से पैसों की मांग नहीं करता। ऐसा करने वाला निश्चित रूप से साइबर अपराधी होता है, जो आपको ठगी का शिकार बनाना चाहता है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि वर्तमान में साइबर ठग अलग-अलग तरीकों से लोगों को भ्रमित कर उनसे पैसे हड़प रहे हैं। इनमें से कुछ सामान्य तरीकों में सीबीआई अधिकारी बताकर फोन करना और कॉल को कथित सीबीआई को ट्रांसफर करना, फर्जी गिरफ्तारी वारंट भेजकर डराना और रुपये ट्रांसफर करवाना, एयरपोर्ट, कस्टम या पार्सल ऑफिस का हवाला देकर यह कहना कि आपके नाम पर पार्सल बुक है जिसमें ड्रग्स, क्रेडिट कार्ड, पासपोर्ट आदि हैं, पार्सल के नाम पर धमकाकर फर्जी दस्तावेज और आईडी भेजना, और गिरफ्तारी की धमकी देना आदि शामिल हैं।

### कॉल आए तो घबराएं नहीं



*एसपी ने बताया कि अगर किसी व्यक्ति को इस प्रकार की कॉल आती है, तो वह घबराए नहीं, और न ही किसी को पैसे ट्रांसफर करें। यदि कोई ऐसी घटना घट जाए तो तुरंत साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर संपर्क करें या नजदीकी पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज कराएं, ताकि समय रहते कार्रवाई कर ठगी की गई राशि को फ्रीज कराया जा सके। जागरूकता ही सबसे बड़ा हथियार है। सतर्क रहें, सुरक्षित रहें।*

**- एसपी सिद्धांत जैन।**

## बीडीपीओ ऋषभ सिंगल ने संभाला कार्यभार, ली बैठक



**भूना।** खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी ऋषभ सिंगल ने मंगलवार को बीडीपीओ पद का कार्यभार संभाला। कार्यभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने अधिकारियों और सरपंचों के साथ परिचय बैठक की। बैठक में उन्होंने सरपंचों से कहा कि गांवों में बिना भेदभाव के विकास कार्यों को गति दें। इस मौके पर समाज शिक्षा एवं कल्याण अधिकारी रामफल मलिक और एबीपीओ संदीप कुमार जांगड़ा ने कार्यालय पहुंचकर ऋषभ सिंगल का बुके देकर स्वागत किया। ऋषभ सिंगल इससे पहले चरखी दादरी और बोंदकला में बीडीपीओ पद पर सेवाएं दे चुके हैं। भूना सरपंच एसोसिएशन के ब्लॉक प्रधान एडवोकेट मांगेराम गोदारा के नेतृत्व में 29 ग्राम पंचायतों के सरपंचों और प्रतिनिधियों ने उन्हें गुलदस्ता देकर अभिनंदन किया। इस अवसर पर एसडीओ पंचायती राज दलबीर सिंह, विकास कुमार, हरदीप सिंह,महेंद्र सिंह, हंसराज वर्मा,बलवंत सिंह पूनिया, रेशमा रामकुमार गोदारा, जोगिंदर सिंह, घोटडू के सरपंच गुलाब शर्मा, ढाणी डूल्ट के सरपंच संदीप सरोवा, टिब्बी के सरपंच प्रतिनिधि सुशील सहारण, दहमान के सरपंच प्रतिनिधि मदनलाल यादव, भट्टू के सरपंच प्रतिनिधि सुखविंदर सिंह सुखा और सिंथला के सरपंच सुधीर जाखड़ मौजूद रहे।

## क्रेसंट स्कूल के दो छात्रों ने नीट 2025 परीक्षा में हासिल की शानदार सफलता




**फतेहाबाद।** क्रेसंट स्कूल के दो मेधावी छात्रों ने नीट 2025 परीक्षा में शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय एवं शहर का नाम रोशन किया है। विद्यालय की प्रतिभाशाली छात्रा सृष्टि ने 720 में से 553 अंक प्राप्त कर ऑल इंडिया रैंक 11146 प्राप्त किया एवं छात्र अर्श ने 533 अंक अर्जित कर 21904 ऑल इंडिया रैंक हासिल किया। दोनों विद्यार्थियों ने कठिन परिश्रम, अनुशासन एवं समर्पण से यह बड़ी उपलब्धि प्राप्त की। छात्रा सृष्टि एक प्रतिष्ठित मेडिकल कॉलेज से एमबीबीएस कर देश की सेवा करना चाहती है एवं अर्श भी एक कुशल एवं संवेदनशील चिकित्सक बनकर समाज में सकारात्मक बदलाव लाना चाहते हैं। दोनों विद्यार्थियों ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, स्कूल के शिक्षकों एवं अपनी सतत मेहनत को दिया। प्रधानाचार्या रितु सिंधु ने विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह सफलता केवल विद्यार्थियों की मेहनत नहीं, बल्कि शिक्षकों की लगन और अभिभावकों के सहयोग का भी परिणाम है। उन्होंने कहा कि क्रेसण्ट स्कूल का उद्देश्य केवल शैक्षणिक श्रेष्ठता ही नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण पर भी बल देना है।

### बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

# महिला एवं बाल विकास विभाग ने किया जागरूक

■ अभियान के तहत जागरूकता मोबाइल वैन चलाई गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा



**सिरसा।** लोगों को जागरूक करती महिला एवं बाल विभाग विभाग की टीम।

महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से आंगनबाड़ी सर्कल सिरसा शहरी में टाउन पार्क में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डिप्टी डायरेक्टर डॉक्टर दर्शना सिंह ने शिरकत की। इसके साथ ही विभाग द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत जागरूकता मोबाइल वैन चलाई गई है। इस मोबाइल वैन को चलाने का मुख्य उद्देश्य बेटियों को ज्यादा से ज्यादा शिक्षित करना तथा बेटियों को सब तरीके से सशक्त बनाना है। इस वैन के माध्यम से खैरपुर कॉलोनी, चंडीगढ़ढ़ाणी मोहल्ला, बाजीगर बस्ती में भी लोगों को जागरूक किया। टाउन पार्क में आयोजित कैंप का मुख्य उद्देश्य शहरी क्षेत्र में सुबह-सुबह जो लोग भ्रमण करने आते हैं उन्हें बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का संदेश देना है।

इसके साथ ही यह संदेश भी पहुंचाना है कि भ्रूण हत्या करने एवं करवाने वालों के विरुद्ध सरकार द्वारा सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि सरकार के द्वारा भ्रूण हत्या करवाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के आदेश प्राप्त हैं। इसकी गुप्त सूचना 1098 नंबर पर दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि बेटा बेटी को एक समान समझना चाहिए।

इस मौके पर ब्रह्माकुमारी की तरफ से बहन सुमन व बहन मीनू ने कहा कि बेटियों को भी पैदा होने का हक है बेटियों को समान अधिकार व समान शिक्षा देनी चाहिए। इस अवसर पर सुपरवाइजर रचना, रेखा रानी, किरण, ज्योति, सपना, सुखदेवी, उषा, नेहा, मंजू व रीना आंगनवाड़ी वर्कर, हेल्पर मौजूद रहे।

## न्यूज डायरी


### इलेक्ट्रोहोम्योपैथी से लाइलाज बीमारियों का भी उपचार संभवः डॉ. अनु

**सिरसा।** जनता भवन रोड स्थित श्याम बगीची धाम में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया। शिविर में डॉ. अनु ने मरीजों की जांच की और उन्हें दवाएं भी निःशुल्क उपलब्ध करवाई गई। इसके साथ-साथ मरीजों को बीमारियों संबंधी उचित परामर्श खान पान के बारे में भी जानकारी दी गई। डॉ. अनु ने बताया कि इलैक्ट्रोहोम्योपैथी पद्धति से लाइलाज बिमारियों का उपचार भी संभव है। उन्होंने कहा कि इलैक्ट्रोहोम्योपैथी जटिल बीमारियों के इलाज में भी काफी कारगर है। बीमारी में शरीर के अंग की कोशिकाएं विकृत हो जाती हैं। मेडिसन कोशिकाओं में प्रवेश कर उनकी स्टीमुलेटिंग पावर को बढ़ाकर जीवन प्रदान करती है। बड़ी बात ये है कि इसकी दवाओं का कोई नुकसान नहीं है।

### सदस्य बनाने पर पूनम सिंगला ने जताया आभार

**फतेहाबाद।** भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य पूनम सिंगला को जिला फतेहाबाद जन संपर्क एवं कष्ट निवारण कमेटी सदस्य नियुक्त किये जाने पर उन्होंने बीजेपी जिला कार्यालय में पहुंचकर जिलाध्यक्ष एडवोकेट प्रवीण जोड़ा को मिठाई खिलाकर उनके माध्यम से भाजपा हाई कमान का आभार व्यक्त किया। इसके अलावा उन्होंने पूर्व विधायक दूड़ाराम के कार्यालय में भी पहुंचकर उन्हें मिठाई खिलाकर धन्यवाद किया। उन्होंने सीएम नायब सिंह सैनी, प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली, राज्यसभा सांसद सुभाष बराला, पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल, पूर्व जिला अध्यक्ष स. बलदेव सिंह ग्रोह का भी आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर बीजेपी नेता विकास शर्मा, सरपंच सीताराम पूनिया, परमजीत बैनीवाल, बनवारी लाल गहलोत, जगदीश शर्मा, कंवल चौधरी, नरेश तनेजा टीटू, इन्द्र गावड़ी, सुल्तान नायक, जगदीश नायक, रामकुमार मेहरा सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### ग्रीष्मकालीन कक्षाओं में सीखे सेल्फ डिफेंस के गुर



**सिरसा।** जिला बाल कल्याण परिषद द्वारा उपायुक्त शांतनु शर्मा के मार्गदर्शन में दो जून से एक जुलाई तक ग्रीष्मकालीन रूचिकर कक्षाओं का आयोजन सफलतापूर्वक किया गया। इन कक्षाओं में डांस, आर्ट एंड क्राफ्ट सेल्फ डिफेंस और स्टिचिंग की कक्षाएं लगाई गई। कैंप के समापन समारोह में मंडलीय बाल कल्याण अधिकारी कमलेश चाहर ने बतौर मुख्यअतिथि शिरकत की। इस अवसर पर उन्होंने बच्चों को सर्टिफिकेट वितरित किए। जिला बाल कल्याण अधिकारी पूनम नागपाल ने बताया कि समारोह के दौरान बच्चों ने अलग-अलग प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया और बच्चों द्वारा आर्ट एंड क्राफ्ट की प्रदर्शनी भी लगाई गई।

### जसनूर ने स्टेट चेस चैंपियनशिप में पाया तीसरा स्थान

**सिरसा।** बहादुरगढ़ स्थित केआर मंगलम वर्ल्ड स्कूल में 28-29 जून को झज्जर चेस एसोसिएशन द्वारा आयोजित 29वीं हरियाणा स्टेट चेस चैंपियनशिप में शहर के सेंट फ्रांसिस जेवियर सीनियर सैकेंडरी स्कूल की छात्रा जसनूर ने अंडर-11 ओपन वर्ग में अपने शानदार प्रदर्शन से तीसरा स्थान हासिल कर स्कूल व अभिभावकों का नाम रोशन किया। जसनूर को 2 हजार रुपए का नकद पुरस्कार व सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। स्कूल प्रिंसिपल अना मोरिस्का अंताओ ने शानदार प्रदर्शन के लिए कोच सिकंदर सिंह व छात्रा जसनूर को बधाई व भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। प्रिंसीपल ने कहा कि जसनूर इससे पूर्व भी कई प्रतियोगिताओं में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर चुकी है। कोच सिकंदर सिंह ने कहा कि जसनूर चेस खेल के प्रति पूरी तरह से समर्पित है। जिला स्तरीय व स्टेट स्तर की प्रतियोगिताओं में वह अपना भाग्य आजमा चुकी है और उम्मीद है कि एक दिन वह अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाएगी।

### अग्रोहा विकास ट्रस्ट ने दिल्ली सीएम का जताया आभार

**सिरसा।** अग्रोहा विकास ट्रस्ट की स्थानीय इकाई के प्रधान अनिल सर्राफ ने पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन का नाम बदलकर महाराजा अग्रसेन रेलवे स्टेशन रखने की मांग को दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता का समर्थन किया है। उन्होंने बताया कि दिल्ली अग्रोहा विकास ट्रस्ट यह मांग लंबे समय से कर रहा था। ट्रस्ट की ओर से इस विषय पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व केंद्रीय रेल मंत्री अश्विन वैष्णव को पत्र भी भेजा। प्रधान अनिल सर्राफ ने बताया कि दिल्ली विधानसभा के पूर्व स्पीकर विजेंद्र गुप्ता ने भी रेलवे मंत्रालय को पत्र लिखकर इस मांग का समर्थन किया। उन्होंने बताया कि विधायक अशोक गोयल देवरहा ने विधानसभा में यह मुद्दा उठाया था रेलवे स्टेशन का नाम बदलने की मांग रखी। सर्राफ ने बताया कि अब दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र भेजकर इस प्रस्ताव का समर्थन किया है। दिल्ली सरकार द्वारा इस प्रस्ताव को अपनाना इस अभियान की बड़ी सफलता माना जा रहा है।

# भगवान शिव और पार्वती के पुनर्मिलन का दिन 'शिवरात्रि' 23 जुलाई को, शिवभक्तों में उत्साह

## सावन माह की कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि की शुरुआत 23 को सुबह 4:39 बजे से होगी और यह तिथि अगले दिन 24 को रात 2:28 बजे तक रहेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

महाशिवरात्रि का पर्व इस बार 23 जुलाई को यानि कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि को आ रहा है। इस दिन भगवान शिव के भक्त हरिद्वार से कावड़ लेकर अपने-अपने शहरों में शिवलिंगों पर जलाभिषेक करते हैं। महाशिवरात्रि का पर्व प्रत्येक मंदिर व शिवालयों में बड़ी ही श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जाता है। इसको लेकर शिवभक्त पूरे वर्ष सावन मास का इंतजार करते हैं। इस मौके पर अमरनाथ व नीलकंठ में भी विशाल मेले लगते हैं। हिंदू धर्म में सावन माह को अत्यंत शुभ और पवित्र माना गया है। यह महीना विशेष रूप से भगवान शिव को समर्पित होता है। पूरे सावन भर श्रद्धालु शिवजी की उपासना करते हैं और जलाभिषेक से उन्हें प्रसन्न करने का प्रयास करते हैं। इस दौरान पडने वाली मासिक शिवरात्रि का महत्व और भी बढ़ जाता है। मासिक शिवरात्रि हर माह कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि को आती है, लेकिन जब यह तिथि सावन महीने में पड़ती है, तो इसका आध्यात्मिक महत्व कई गुना अधिक हो जाता है। फतेहाबाद के श्री श्याम मंदिर के पुजारी पंडित सोनू शर्मा के अनुसार सावन माह की कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि की शुरुआत 23 जुलाई 2025 को सुबह 4:39 बजे से होगी और यह तिथि अगले दिन 24 जुलाई को रात 2:28 बजे तक रहेगी। उदया तिथि के अनुसार सावन शिवरात्रि का व्रत 23 जुलाई, बुधवार को रखा जाएगा। उन्होंने बताया कि सावन मासिक शिवरात्रि पर भगवान शिव की विशेष पूजा रात्रि के समय की जाती है, जिसे निशिता काल कहा जाता है। इस बार पूजा का सर्वोत्तम समय 24 जुलाई को रात 12:07 बजे से 12:48 बजे तक रहेगा। इस मुहूर्त में कुल 41 मिनट का समय होगा।


फतेहाबाद। श्री श्याम मंदिर में शिवलिंग पर जल चढ़ाते शिवभक्त। फोटो :हरिभूमि

### सावन शिवरात्रि का धार्मिक महत्व



*पंडित सोनू शर्मा के अनुसार सावन की शिवरात्रि का दिन भगवान शिव और माता पार्वती के पुनर्मिलन का प्रतीक माना जाता है। यही कारण है कि इस दिन किया गया व्रत और पूजन वैवाहिक जीवन में प्रेम, सामंजस्य और सुख-शांति बनाए रखता है। यह व्रत विशेष रूप से कुंवारी कन्याओं और विवाहित महिलाओं के लिए फलदायक माना जाता है। इस दिन शिवलिंग पर जल, दूध, शहद, बेलपत्र, धतूरा और आक चढ़ाकर शिवजी को प्रसन्न किया जाता है। भक्तों का मानना है कि इस दिन शिव जी की सच्चे मन से की गई उपासना सारे पापों को नष्ट करती है और मोक्ष की प्राप्ति कराती है। पंडितों की मानें तो इस दिन शिवालयों पर काले तिल, लौंग व पीपल पर जलाभिषेक करने से परिवार में संकट व बीमारी टल जाती है।फोटो कैपशन 01एफटीडी14 -श्री श्याम मंदिर में शिवलिंग पर जल चढ़ाते शिवभक्त।*

## खबर संक्षेप



### प्रिंसिपल अमिता सिंह ने संभाला कार्यभार

**फतेहाबाद।** पुलिस लाइन स्थित डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल में एक विशेष समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय की नव नियुक्त प्राचार्या अमिता सिंह का स्वागत किया गया। इस अवसर को आध्यात्मिक वातावरण में संपन्न करने के उद्देश्य से विद्यालय प्रांगण में वैदिक रीति-रिवाजों के अनुसार वैदिक यज्ञ का आयोजन किया गया। इसके बाद संबोधित करते हुए नई प्राचार्या अमिता सिंह ने कहा कि वह इस विद्यालय परिवार का हिस्सा बनकर अत्यंत गौरवान्वित महसूस कर रही हैं और उनका प्राथमिक उद्देश्य रहेगा कि यहां की शैक्षणिक गुणवत्ता के साथ-साथ नैतिक शिक्षा पर विशेष जोर देकर हमारे सांस्कृतिक मूल्यों को भी और अधिक सुदृढ़ किया जाए। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

### राष्ट्रीय लोक अदालत 12 जुलाई को

**फतेहाबाद।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष दीपक अग्रवाल के मार्गदर्शन में 12 जुलाई को जिला फतेहाबाद, उपमंडल रतिया व टोहाना के न्यायिक परिसरों में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इस लोक अदालत में आम नागरिक आपसी सौहार्दपूर्ण माध्यम से मामले का निपटारा करवा सकते हैं। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी गायत्री ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में बैंक लोन, मोटर व्हीकल एक्सीडेंट, एनडीपीएस एक्ट, फौजदारी, दीवानी व अन्य मामलों का निपटारा होगा।

## बेहरवाला खुर्द में रात्रि ठहराव कार्यक्रम में सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं

# किसान को खाद के साथ जबरदस्ती अन्य सामान देने वाले विक्रेताओं पर होगी कड़ी कार्रवाई: एडीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

जिला प्रशासन द्वारा गांव बेहरवाला खुद में सोमवार रात्रि ठहराव कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें एडीसी वीरेंद्र सहरावत ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनकर उनका समाधान किया। जनसमस्याएं सुनने से पहले अतिरिक्त उपायुक्त ने स्कूल परिसर में स्थित शहीद राधेश्याम भाकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। इस दौरान उन्होंने गांव की लाइब्रेरी का भी निरीक्षण कर बच्चों से सुविधाओं व अन्य जरूरतों के बारे में जानकारी ली। अतिरिक्त उपायुक्त के समक्ष किसानों की ओर से खाद की उपलब्धता संबंधी शिकायत आई कि दुकानदार उन्हें कोई अन्य सामान खरीदने पर ही खाद दे रहे हैं। इस पर अतिरिक्त उपायुक्त ने कृषि अधिकारी को सख्त निर्देश दिए कि ऐसे खाद विक्रेताओं पर कड़ी कार्रवाई की जाए। खाद की दुकानों का निरीक्षण करें और ऐसी कोई भी शिकायत मिलती है, तो संबंधित दुकानदार के खिलाफ तुरंत कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाए। खुले दरबार में बिजली विभाग से संबंधित भी कई शिकायतें आई। एक शिकायत की सुनवाई करने के दौरान अतिरिक्त उपायुक्त ने बिजली विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि बिजली अधिकारियों के संपर्क नंबर उपलब्ध करवाएं और उन्हें गांव के पंचायत घर में चस्पा किया जाए, जिससे ग्रामीणों को गांव में जो भी बिजली से संबंधित समस्या या शिकायत होगी, तो अधिकारियों से संपर्क कर सके। एडीसी ने कहा कि प्रशासन का गांव में रात्रि ठहराव का उद्देश्य यही है कि ग्रामीणों की समस्याओं को नजदीक से समझा व सुना जाए, ताकि उनका स्थाई समाधान हो सके। ग्रामीणों को भी इसमें सहयोगी बनना चाहिए ताकि गांव के विकास के साथ-साथ गांव में भाईचारे को भी सुदृढ़ता मिले। उन्होंने कहा कि जितनी भी समस्याएं या शिकायत ग्रामीणों की ओर से आई हैं, उनका प्राथमिकता से समाधान किया जाएगा। इसके साथ ही पंचायत की ओर से जो मांग पत्र दिया गया है, इनमें जो भी प्रशासनिक स्तर पर संभव होगा, उनको पूरा किया जाएगा। इस अवसर पर एसडीएम पारस भागोरिया, सीईओ जिला परिषद डॉ सुभाष चंद्र, डीएसपी संजीव कुमार, सरपंच बबीता कुमारी, सीएमओ डा. महेंद्र भादु, डीएफएससी मुकेश कुमार, एसएचओ प्रगट सिंह, जिला कल्याण अधिकारी राकेश कुमार, हरि सिंह ख्यालिया, ओमप्रकाश ख्यालिया, दयाराम ख्यालिया, विनोद पूनिया, पूर्व सरपंच सतपाल भाकर, पूर्व सरपंच विजय नूनीवाल व अन्य मौजूद रहे।



सिरसा। ग्रामीणों की समस्याएं सुनते एडीसी वीरेंद्र सहरावत। फोटो :हरिभूमि

### चोरी की बाइक के साथ युवक गिरफ्तार, केस

**फतेहाबाद।** जिले में चोरी और अन्य आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस लगातार सख्त कार्रवाई कर रही है। इसी कड़ी में शहर टोहाना पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी की वारदात का खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर चोरीशुदा मोटरसाइकिल भी बरामद कर ली है। थाना शहर टोहाना प्रभारी निरीक्षक प्रहलाद सिंह ने बताया कि 21 जुलाई 2024 को बंसी निवासी कमालवाला ने थाना में शिकायत दी थी कि वह किसी कार्य से दीपांश अस्पताल, टोहाना आया था और अस्पताल के बाहर अपनी मोटरसाइकिल खड़ी कर अंदर चला गया। कुछ समय बाद जब वह बाहर आया, तो देखा कि मोटरसाइकिल चोरी हो चुकी थी। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई करते हुए अज्ञात के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज किया था। जांच अधिकारी द्वारा गुप्त सूचना व तकनीकी सहायता के आधार पर जगतार उर्फ तारी पुत्र गुलजारा सिंह निवासी काहनगढ़ को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ के दौरान आरोपी ने मोटरसाइकिल चोरी की वारदात को स्वीकार किया।

## गुरुकृपा सेवा मंडल ने की जल सेवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

गुरूकृपा सेवा मंडल द्वारा गर्मी में लोगों की प्यास बुझाने के लिए जल सेवा की गई। मंडल के सेवक भारत टुटेजा ने बताया कि जल सेवा से बड़ा कोई पुण्य नहीं होता, इसलिए हमें समय-समय और जल सेवा का आयोजन करना चाहिए। मंडल के सभी सदस्यों ने मिलकर इस अभियान को सफल बनाया। इस मुहिम में दीपक मदान, भारत मेहता, हिमांशु, भारत टुटेजा, यश कायत, करण टुटेजा, भारत टुटेजा सभी मौजूद रहे। सभी ने मिलकर इस मुहिम को सफल बनाया। सभी मोहल्ला वासियों ने इस मुहिम में योगदान दिया। गुरूकृपा सेवा मंडल ने कहा कि आगे भी ऐसे ही समाजसेवा का काम चलता रहेगा।


फतेहाबाद। जल सेवा करते गुरूकृपा सेवा मंडल सदस्य।

## डॉ. गुलशन मदान बने प्रधान और अंकित गेरा सचिव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

रोटरी क्लब फतेहाबाद मिड टाउन द्वारा इंस्टालेशन, डॉक्टर्स और सीए सम्मान समारोह आयोजित किया गया। उम्मीद अस्पताल में आयोजित समारोह में बतौर मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा ने शिरकत की और अध्यक्षता रोटरी क्लब के डायरेक्टर आरके कौशिक ने की। इस अवसर पर क्लब द्वारा शहर के कई डाक्टर्स और सीए को उनकी सेवाओं के लिए सम्मानित किया। सम्मानित होने वालों में डॉ. निशांत चौधरी डॉ. नेहा चौधरी, डॉ. आकाश शर्मा, डॉ. अमित आहूजा, डॉ. अजय नारंग, डॉ. कमल कंबोज, डॉ. पंकज, डॉ. अजय अहरोदियाख, डॉ. विकास मोंगा, सीए राजेंद्र नारंग, हिना शाह व अन्य सीए शामिल रहे। समारोह में डॉ. अमित आहूजा और जिला परिषद् चेयरमैन प्रतिनिधि सुभाष खिचड़ एडवोकेट ने क्लब की सदस्यता ग्रहण की। समारोह की शुरुआत में मुख्य अतिथि प्रवीण जोड़ा और रोटरी के डायरेक्टर आरके कौशिक ने क्लब के प्रधान डॉ. गुलशन मदान को प्रधान पद ग्रहण करवाया। अंकित गेरा ने सचिव पद ग्रहण किया। आरके कौशिक और नवनिर्वाचित प्रधान डॉ. गुलशन मदान ने रोटरी द्वारा समाजसेवा के रुप में चलाए जा रहे विभिन्न प्रकल्प के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि विश्व भर में फैली पोलियो की बीमारी को जड़मूल से समाप्त करने और समूचे विश्व को पोलियो मुक्त करने को लेकर रोटरी द्वारा विश्व भर में पोलियो रोधी अभियान चलाया गया। इसके अलावा समय-समय पर अन्य कई समाजसेवा के प्रकल्प चलाए जाते हैं।



फतेहाबाद। डॉक्टरों व सीए को सम्मानित करते रोटरी क्लब सदस्य।

## कैडेट्स ने एनसीसी कैंप में लिया हिस्सा



**टोहाना।** भूना रोड स्थित सेंट जोसफ इंटरनेशनल स्कूल के एनसीसी के विद्यार्थियों ने रॉयल सैनिक विद्यापीठ स्कूल हिसार में तीसरी हरियाणा एनसीसी बटालियनन द्वारा आयोजित 10 दिवसीय कैंप में एएनओ प्रेमपाल सिंह की देखरेख में हिस्सा लिया। स्कूल प्राचार्या मारियालीन लुईस ने बताया कि दस दिवसीय कैंप के दौरान हथियार ट्रेनिंग, राइफल शुटिंग सहित अनेक गतिविधियों में भाग लिया। कैंप में गेस्ट लेक्चरर के रूप में आर्मी रिक्रूटमेंट ऑफिसर व आर्मी मेडिकल ऑफिसर उपस्थित रहे। कैंप के दौरान एनसीसी के विद्यार्थियों को हिसार आर्मी कैंप का भ्रमण भी करवाया गया। जहां बच्चों ने आर्मी वाहन, टैंक और हथियारों को नजदीकी से देखा।

## भूगोल में करियर की असीम संभावनाएं: प्रो.धर्मवीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय सिरसा के भूगोल विभाग ने अकादमिक गुणवत्ता, शोध उत्कृष्टता और सामाजिक सरोकारों में निरंतर प्रगति करते हुए आगामी शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए प्रवेश प्रक्रिया आरंभ कर दी है। एमएससी जियोग्राफी (भूगोल) की 50 सीट्स हैं और इस विभाग दाखिला लेने के इच्छुक विधार्थी 07 जुलाई तक आवेदन कर सकते हैं।

विभागाध्यक्ष प्रो. धर्मवीर सिंह ने बताया कि विभाग का मुख्य उद्देश्य नवाचार आधारित शिक्षण-अधिगम पद्धतियों को प्रोत्साहित करना, व्यावसायिक दक्षता को बढ़ाना तथा अंतर्विषयक और उभरते ज्ञान क्षेत्रों में गुणवत्ता युक्त शोध को बढ़ावा देना है। विभाग की दृष्टि है कि मानव और प्राकृतिक प्रणालियों के शैक्षणिक एवं अनुसंधानिक विकास में अग्रणी भूमिका निभाया जाना समय की मांग है। उन्होंने बताया कि भूगोल विभाग अपने मिशन के अनुरूप महत्वाकांक्षी छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए संकल्पबद्ध है। विभाग छात्रों की क्षमताओं को निखारते हुए उनमें नेतृत्व गुणों का विकास करता है, उन्हें नैतिक मूल्यों से सज्जित करता है तथा अनुसंधान की ओर प्रेरित करता है। यह विभाग ऐसे युवा भूगोलवेत्ताओं का निर्माण कर रहा है जो उच्च शिक्षा, राष्ट्रीय व क्षेत्रीय योजना, जीआईएस, रिमोट सेंसिंग, पर्यावरण संरक्षण तथा सतत विकास के क्षेत्रों में सार्थक योगदान दे सकें। विभाग सामाजिक और पर्यावरणीय मुद्दों के समाधान में भूगोल विज्ञान के प्रभावी उपयोग को भी प्राथमिकता देता है। भूगोल विषय की व्यापक संभावनाओं की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि यह विषय न केवल अकादमिक और शोध क्षेत्र में, बल्कि रोजगार की दृष्टि से भी अत्यंत समृद्ध है। वर्तमान युग में जीआईएस और रिमोट सेंसिंग विशेषज्ञों की भारी मांग है।

### शैक्षणिक उत्कृष्टता की दिशा में अग्रसर

*उन्होंने बताया कि विभाग में वर्तमान में चेयरपर्सन कार्यालय, क्लर्क कार्यालय, तीन फैकल्टी कार्यालय, तीन कक्षा कक्ष तथा तीन प्रयोगशालाएं उपलब्ध हैं, जो छात्रों को व्यावहारिक एवं सैद्धांतिक दृष्टि से सशक्त बनाने के लिएआधुनिक संसाधनों से युक्त हैं। भूगोल विभाग न केवल शैक्षणिक उत्कृष्टता की दिशा में अग्रसर है, बल्कि उत्तरदायी नागरिकता और सामाजिक चेतना को भी बढ़ावा देने के लिए एक सशक्त मंच प्रदान कर रहा है। आगामी प्रवेश सत्र में अधिकाधिक छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व शोध के इस समर्पित केंद्र में शामिल होने हेतु आमंत्रित किया गया है। भूगोल विभाग भविष्य की आवश्यकताओं को दृष्टिगत रखते हुए अपने शैक्षणिक, अनुसंधान व सामाजिक दायित्वों को निरंतर निभा रहा है।*

### संगठन मजबूती पर शर्मा ने जताई खुशी

**फतेहाबाद।** बीजेपी जिला फतेहाबाद में जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा के नेतृत्व में मिली रही संगठन को मजबूती पर प्रदेश संगठन महामंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा ने संतुष्टि जताई। बीते दिन फतेहाबाद जिले के सभी 708 बूथों पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को शत प्रतिशत सुना गया। 100 प्रतिशत रिपोर्ट को देखकर प्रदेश संगठन महामंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा ने फतेहाबाद जिले के संगठन की मजबूती की सराहना करते हुए कहा कि कार्यकर्ताओं की निष्ठता और एकजुटता से ही भाजपा आज पूरे देश में सर्वश्रेष्ठ राजनीतिक संगठन बना है। भाजपा की कार्यशैली और कार्यकुशलता पर कार्यकर्ताओं और आम जनता को पूरा विश्वास है। भाजपा हाई कमान भी अपने कार्यकर्ताओं को हमेशा देव तुल्य समझता आया है।

## राजमार्ग मंत्रालय के सचिव वी उमाशंकर से मिले सुभाष बराला, बाईपास निर्माण के लिए केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी को लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| टोहाना

हरियाणा से राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने केंद्रीय सडक़ परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी को राष्ट्रीय राजमार्ग 148बी पर टोहाना शहर के समीप बाईपास के निर्माण के लिए पत्र लिखा। उन्होंने आग्रह किया कि टोहाना शहर की बढ़ती जनसंख्या, शहरीकरण और पंजाब-हिसार के बीच यातायात दबाव को देखते हुए यह बाईपास इस क्षेत्र के लिए जरूरी है। राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने इस बारे भारत सरकार के सडक़ परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के सचिव वी उमाशंकर से भेंट कर बाईपास परियोजना पर विस्तार से चर्चा की। राज्यसभा सांसद ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग 148बी टोहाना शहर के मध्य से होकर गुजरता है, जो पंजाब को हिसार से जोड़ता है। इस मार्ग पर भारी वाहनों और यात्री वाहनों की संख्या दिन-प्रतिदिन बढ़ रही है, जिससे स्थानीय नागरिकों को असुविधा, यात्रा में विलंब तथा सडक़ सुरक्षा संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। टोहाना शहर के तेजी से हो रहे विकास और आवागमन की बढ़ती मांग को देखते हुए, एक समर्पित बाईपास मार्ग टोहाना के शहरी जीवन को बाधित किए बिना राष्ट्रीय राजमार्ग पर वाहनों की निर्बाध गति सुनिश्चित कर सकता है। सचिव ने राज्यसभा सांसद को आश्वस्त किया कि इस प्रस्ताव पर प्राथमिकता के आधार पर विचार किया जाएगा और शीघ्र ही आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

राज्यसभा सांसद ने कहा कि इस बाईपास निर्माण से न केवल टोहाना व आसपास के क्षेत्र के नागरिकों के लिए सुगम, सुरक्षित और निर्बाध यातायात की सुविधा सुनिश्चित करेगा, बल्कि यह केंद्र सरकार की सडक़ अवसंरचना के सशक्तिकरण की दिशा में भी कदम होगा।


भारत सरकार के सडक़ परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के सचिव वी उमाशंकर से मिलते सुभाष बराला।

## फतेहाबाद में सड़क निर्माण के लिए सड़क पर बैठे ग्रामीण, बोले- कभी मिट्टी डाली तो कभी पत्थर, डेढ़ साल में नहीं बन पाई रोड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

गांव चबलामोरी में पिछले डेढ़ साल से सडक़ का निर्माण न होने से परेशान ग्रामीणों ने मंगलवार को रोड के बीच बैठकर रोष प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने प्रशासन के प्रति गुस्सा जाहिर करते हुए जल्द सडक़ निर्माण की मांग उठाई। चबलामोरी के ग्रामीणों के अनुसार, उनके गांव से बीघड़-धारनिया तक रोड का निर्माण डेढ़ साल से लटका पड़ा है। कभी मिट्टी डाल दी जाती है, तो कभी पत्थर डालकर छोड़ दिया जाता है। इससे आगे निर्माण प्रक्रिया नहीं बढ़ रही है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि अगर जल्द सडक़ निर्माण नहीं हुआ तो जेसीबी से सडक़ को उखाड़ देंगे। ग्रामीण रिछपाल सिंह, सुनील कुमार व अन्य ने बताया कि डेढ़ साल से सडक़ का निर्माण नहीं हो रहा है। पत्थर डालकर छोड़ दिए गए हैं। इससे ग्रामीण दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं। बाइक सवार कई बार चोटिल हो चुके हैं। सडक़ नहीं बनने से गांव में बसें भी नहीं आती हैं। इस कारण परिवहन सुविधा से भी वंचित होना पड़ रहा है। स्कूली बच्चों को सबसे अधिक परेशानी हो रही है। ग्रामीण रिछपाल सिंह, सुनील कुमार व अन्य ने बताया कि डेढ़ साल से सडक़ का निर्माण नहीं हो रहा है। पत्थर डालकर छोड़ दिए गए हैं। इससे ग्रामीण दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं। बाइक सवार कई बार चोटिल हो चुके हैं। सडक़ नहीं बनने से गांव में बसें भी नहीं आती हैं। इस कारण परिवहन सुविधा से भी वंचित होना पड़ रहा है। स्कूली बच्चों को सबसे अधिक परेशानी हो रही है। ग्रामीणों ने बताया कि वह कई बार प्रशासन को लिखकर मांग पत्र सौंप चुके हैं।


फतेहाबाद। गांव चबलामोरी में सडक़ पर बैठकर रोष जताते हुए ग्रामीण।